हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 5 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

11 दामाखेड़ा में पटाखा फोड़ने का नहीं है विवाद



12 गौरा गौरी शोभायात्रा में हैरतअंगेज करतब ...





# राज्योत्सव आज, प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल होंगे मुख्य अतिथि

## पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में आयोजन की तैयारी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव–2024 का जिला स्तरीय समारोह 5 नवंबर को सायं 6 बजे से बलौदाबाजार स्थित पं. चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान में होगा। जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में राज्योत्सव समारोह की अध्यक्षता राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। समारोह में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, जांजगीर–चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, भाटापारा विधायक इंद्र साव, कसडोल विधायक संदीप साहू, बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ डॉ. सनम जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा एवं छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा विशिष्ट अतिथि होंगी। राज्योत्सव में सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गायिका कविता वासनिक के सुर लहरी से सांस्कृतिक संध्या सजेगी। इसके साथ ही दुलदुला की संस्था छत्तीसगढ़ी श्रंगोलीश कार्यकम अंतर्गत मनहरण साहू एवं साथियों की प्रस्तुति, करमदा की लोक सांस्कृतिक संस्था मणिसिंह ठाकुर एवं साथी, कोहरौद के बाबा के दीवाना पंथी पार्टी अंतर्गत मनोज मार्कण्डेय एवं साथी तथा स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत दी जाएगी।






### 21 विभागों के लगाए जाएंगे विभागीय स्टॉल

राज्योत्सव में लगभग 21 विभागों द्वारा विभागीय उपलब्धियों पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित भी किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### चाकू से प्राणघातक हमला करने वाला गिरफ्तार

**बलौदाबाजार।** दीपावली पर्व के दौरान शुक्रवार देर रात नगर के लोहिया नगर इलाके में चाकूबाजी की घटना में आरोपी सूरज वैष्णव को सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी उत्तम कुमार प्रजापति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी युवक द्वारा दुर्गा मंदिर के समीप प्राथी के छोटे भाई निर्मल वैष्णव के साथ बहस बाजी करते हुए धारदार चाकू से पेट, पीठ, जांघ आदि में वार कर प्राणघातक चोट पहुंचाया है। चाकू से घायल होकर लहूलहान होकर वहीं पर गिर गया है, जिसे उचित इलाज हेतु तुरंत जिला अस्पताल बलौदाबाजार लेकर आए हैं। रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 109 बीएनएस एवं जोड़ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध पर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी सूरज वैष्णव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा धारदार चाकू से वारकर गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया। प्रकरण में शनिवार को सूरज वैष्णव उर्फ विक्रम वैष्णव 24 वर्ष लोहिया नगर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### नाचने-गाने को लेकर कौंदकेरा में मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कौंदकेरा में नाचने गाने को लेकर हुए विवाद के दौरान मारपीट की घटना हो गई। पुलिस को प्रार्थी बसंत कुमार यादव निवासी कौंदकेरा ने बताया कि 2 नवंबर को दीपावली त्यौहार मना रहे थे। रात करीब 9.15 बजे वह अपने घर के सामने में था। इसी दौरान गांव के कन्चू यादव, हेमंत यादव, चम्मन यादव और मुकेश यादव नाचने-गाने की बात को लेकर कामता यादव एवं लोकनाथ यादव के साथ डंडा से मारपीट कर गाली गलौज कर रहे थे, जिन्हें गाली देने से मना किया। इस पर आरोपियों ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ मुक्का व डंडा से मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान बीच बचाव करने पहुंचे प्रार्थी के चचेरे भाई लोकेश यादव, तुलाराम यादव, रोहनी बाई यादव के साथ भी आरोपी कन्चू, हेमंत, चम्मन और मुकेश यादव ने एक राय होकर जान से मारने की धमकी देते हुये डंडे से मारपीट की। कोतवाली पुलिस महासमुंद ने मामले में रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

## घटनाक्रम : सभा में कबीर पंथ के अनुयायियों से शांत रहने अपील की

# हिंसा नहीं हम शांति पर विश्वास करते हैं: प्रकाश मुनि नाम साहेब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



कबीर पंथियों की आस्था के सबसे बड़े केंद्र दामाखेड़ा में दीपावली की रात से खड़ा हुआ बखेड़ा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों की गिरफ्तारी के बावजूद मामला शांत होता नहीं दिख रहा है। छग एवं दूसरे राज्यों से बड़ी संख्या में कबीर पंथ के अनुयाई दामाखेड़ा पहुंच रहे हैं।

इसे देखते हुए प्रशासन भी सतर्कता बरत रही है। इसी बीच धर्म गुरु प्रकाश मुनि साहेब ने लगभग 20 हजार की संख्या में उपस्थित अनुयायियों को संबोधित करते हुए घटना की जानकारी दे रहे हैं। मंच पर प्रकाश मुनि के साथ उनका पूत्र उदित मुनि नाम साहेब भी है। पंथ श्री प्रकाश मुनि ने कहा कि हम कबीरपंथी लोग हैं, हिंसा में विश्वास नहीं करते। हम शांति के टापू में रहते हैं। इसे अशांत न करें और घटना की सही व उच्च स्तरीय जांच हो। सरकार अगर हमारी मांगें नहीं मानती है तो हम धरने पर बैठ सकते हैं। उन्होंने कहा कि, पिछली सरकारों के समय भी हम हाईवे पर और रेलवे लाइन पर धरने पर बैठ चुके हैं। अभी भी जरूरत पड़ी तो ऐसा ही करेंगे। उधर बलौदाबाजार कलेक्टर और एसपी भी सुबह से ही दामाखेड़ा में मौजूद हैं। उन्होंने कहा है कि, बड़ी संख्या में अनुयायी यहां गुरुजी का आशीर्वाद लेने उनके बुलावे पर पहुंच रहे हैं। लोगों की संख्या को देखते हुए सुरक्षा के अग्रिम बंदोबस्त किए जा रहे हैं। आज सुबह से दामाखेड़ा को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए आस-पास के जिलों से भी पुलिस के अधिकारी और जवान सैकड़ों की संख्या में बलाए गए हैं। बलौदाबाजार पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, एसडीएम सहित जिले के तमाम अधिकारी दमाखेड़ा में ही मौजूद हैं।

# ट्रक में लगी आग चालक को ग्रामीणों ने सुरक्षित बाहर निकाला






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

ग्राम सुहेला के भाटापारा रोड स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास रविवार को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमडी 0459 में अचानक आग लग गई। कुछ ही क्षणों में ट्रक के केबिन से धू–धू करते हुए आग की लपटें निकलती देखकर आसपास के ग्रामीण सहम गये तथा सुझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत वाहन के केबिन में फंसे चालक को निकालने का प्रयास करते हुए घटना की सूचना पुलिस थाना सुहेला को दी । घटना की जानकारी मिलने व वाहन चालक के केबिन में फंसे होने की खबर सुनते ही थाना सुहेला में पदस्थ प्रधान आरक्षक संजय सोनी, आरक्षक तोपचंद कौशिक एवं करण साय पैकरा तत्काल थाना सुहेला से अग्निशामक यंत्र लाकर ट्रक में लगे आग को बुझाने का प्रयास किया एवं बिना समय गवाएं ग्रामवासियों की मदद एवं सूझबूझ से वाहन चालक को जलते ट्रक से बाहर निकाला। इस बीच वाहन चालक गंगाराम सरोज पिता जुलफंद सरोज 45 वर्ष निवासी अर्जूनपुर थाना पट्टी प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के शरीर का कुछ हिस्सा आग से झुलस गया। तत्पश्चात वाहन चालक को तुरंत सुहेला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां वाहन चालक का उपचार जारी रहने की जानकारी दी गई है।

# सिद्धखोल जलप्रपात के समीप दिखा बाघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल





सोनाखान रेंज अन्तर्गत सिद्धखोल जलप्रपात के समीप रविवार की सुबह 4 बजे पचपेड़ी ग्राम के मुख्यमार्ग पर बाघ दिखने से ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। मिली जानकारी के अनुसार तकरीबन 4 बजे एक राहगीर रास्ते से गुजर रहा था, इसी दौरान उन्होंने बाघ देखा और उसे अपने मोबाइल कैमरे में कैद किया।

- वन विभाग ने आसपास के ग्रामीणों को किया अलर्ट

विदित हो कि बाघ कई महीनों से बार नवापारा के जंगलों में विचरण कर रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त बाघ सोनाखान रेंज के कक्ष क्रमांक 211 में देखा गया। हालांकि बाघ का मूवमेंट के बाद वन विभाग सोनाखान रेंजर द्वारा तत्काल मौका मुवायना करने के साथ ही क्षेत्र के तकरीबन 8 गांवों के ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है। साथ ही सोनाखान रेंज के ग्राम पचपेड़ी में जाकर वन विभाग के कर्मचारियों ने टाइगर के बारे में अलर्ट किया। जंगल जाने खेत में सोने जाने के लिए मना किया गया। इधर वन विभाग ने पचपेड़ी, भवरीद, कूकरीकोना, संडी, देवतराई, असनिन्द, बलार सहित अन्य ग्रामों के ग्रामीणों को विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

### वायरल वीडियो सही है

वायरल वीडियो सही है, आज तकरीबन 4 बजे का वीडियो है, क्षेत्र में बाघ की मौजूदगी होने के कारण वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को अलर्ट किया गया है। साथ ही वन विभाग द्वारा निगरानी रखी जा रही है।

**- सुनीत साहू, रेंजर,** सोनाखान रेंज

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के कर्रापारा में रहने वाले एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रकाश मेहेर नवंबर की शाम करीबन 7.30 बजे अपने घर के सामने पिता के साथ बातचीत कर रहा था। उसी समय मोहल्ले के पंकज सतनामी, सोनू सतनामी एवं प्रीतम सतनामी तीनों भाई नशे की हालत में आए और जबरदस्ती गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी को हाथ-मुक्का एवं ईंट से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आई प्रार्थी की मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# 5 किलो गांजा जब्त दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



थाना भाटापारा शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 35 वर्षीय कैलाश सेन से 5.054 किलो गांजा जिसकी कीमती 50 और 24 वर्षीय समीर खान दोनों मुंशी स्माइल वार्ड निवासी भाटापारा से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम 300 एवं एक मोबाइल जब्त किया गया है।

इस दौरान पुलिस टीम ने पहले आरोपी कैलाश सेन का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया, जिसमें आरोपी से 5 नग अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्रवाई करायी गई, जिसमें कुल 5.054 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया, जिसे जब्त किया गया। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 50 हजार है। आरोपी कैलाश सेन से विस्तृत पूछताछ पर उसके द्वारा उक्त गांजा आरोपी समीर ▶▶ शेष पेज 11 पर

### पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर की कार्रवाई

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुंशी स्माइल वर्ल्ड भाटापारा में मादक पदार्थ में गांजा की बिक्री करने वाले 1 आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर 4 नवम्बर को थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम ने मुंशी इस्माइल वार्ड भाटापारा में घेराबंदी कर अपने घर के सामने बिक्री करने के लिए अवैध मादक पदार्थ गांजा रखने वाले 2 आरोपियों को पकड़ा।

## बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने निकाली रैली और सौंपा ज्ञापन

# भाजपाराज में अपराधियों को कानून का जरा भी भय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





प्रदेश में बिगड़ी कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश सरकार पर कई आरोप भी लगाए गए।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में हुई मौत की जांच उच्च न्यायालय के जज की निगरानी में कराए जाने, मृतक के परिजनों को 1 करोड़ मुआवजा दिए जाने तथा दामाखेड़ा में कबीर आश्रम की घटना के दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए गार्डन चौक से एसडीएम कार्यालय तक साय सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही करने मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री और गृहमंत्री इस्तीफा दो के नारे लगाते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किए। जिलाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने कहा कि रोज–रोज घट रही घटनाएं यह साबित करने के लिए पर्याप्त है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो चुकी है तथा आपराधिक घटनाएं रोक पाना सरकार के बस की बात नहीं है। ऐसी सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगा देना चाहिए।

प्रवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि जब जनता अपने जान माल की सुरक्षा तथा अपराधियों और आपराधिक घटनाओं के विरोध में खुद सड़कों में उतर जाये तथा राज्य के हालात अराजक हो जाये तब ऐसी सरकार को बर्खास्त कर देना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश यदु, गोपी साहू, खिलेंद्र वर्मा, प्रभाकर मिश्रा, सुमित्र घृतलहरे, राजा तिवारी, आलोक मिश्रा, विक्रम पटेल, रोहित साहू, आर्यन शुक्ला, त्रिलोक सलूजा, कमल ठाकुर, प्रमेंद्र तिवारी, मनीष चंद्राकर, सुनील कुर्रे, अविनाश मिश्रा, सुखदेव साहू, अंबू पंजवानी, देवीलाल बार्वे, बीरेंद्र बहादुर, देवेंद्र बंजारे, अभिषेक पटेल, आयुष भतपहरी, पिंटू वर्मा, ईश्वर कुर्रे, शुभम वर्मा, भोला बांधे, कुलेश्वर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### राज्य सरकार पर उठाए सवाल

पूर्व जिलाध्यक्ष विद्याभूषण शुक्ला ने भी लगातार प्रदेश में हो रहे आपराधिक घटनाओं को रोक पाने में सरकार की असक्षम बताते हुए कहा कि शांति के पथ प्रदर्शक संत कबीर के आश्रम में यह हमला इस बात का सूचक है कि, भाजपा राज में अपराधियों को कानून का जरा भी डर भय नहीं रहा है। बलरामपुर पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मृत्यु अत्यंत दुखद और निंदनीय है। कानून की देख–रेख में ऐसी अमानवीय घटनाएं हमारी न्याय प्रणाली पर सवालिया निशान हैं।

पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### कायस्थ समाज ने की भगवान चित्रगुप्त की पूजा

**रायपुर।** भाईदूज के अवसर पर कायस्थ समाज द्वारा न्यू शांतिनगर स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजा-अर्चना की गई। साथ ही रविवार को शाम 5.30 बजे महाआरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। भगवान चित्रगुप्त के पूजन कार्यक्रम में समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह जानकारी समाज के संयोजक राजेश श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि कायस्थ समाज का दीपावली मिलन समारोह एवं विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन 10 नवंबर को शाम 5 बजे से होटल प्रकाश पैलेस में होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रामप्रकाश श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. अविनाश, विट्ठल श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव, नितिन खरे, मंजू वर्मा, डॉ. सीमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

### मातर में अखाड़ा का किया प्रदर्शन




**रायपुर।** ग्राम मटिया में मातर कार्यक्रम में अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया। विगत 30 वर्षों से इसका संचालन किया जा रहा है। मातर कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष रायपुर उधोराम वर्मा के गृहग्राम में आयोजित कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा, रामचंद्र साहू, अतुल वर्मा, अखाड़ा समिति के अध्यक्ष, समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### गौरा-गौरी उत्सव आस्था का प्रतीक



रायपुर। प्राचीन दूधाधारी मठपारा के चिरंजीव तालाब में गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने शानदार आयोजन किए, जिसमें पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर पहुंचे और उन्होंने कहा, गौरा-गौरी आस्था के प्रतीक हैं, भगवान शिव और पार्वती के अवतार हैं, पहले गणेशजी और दुर्गा माता की झांकी निकलती थी, लेकिन पिछले 25 वर्षों से यह परंपरा शुरू हो गई है और गौरा-गौरी की भी झांकी निकाली जाती है। इसमें विभिन्न मोहल्ले के आयोजक विसर्जन करने दूधाधारी मठपारा पहुंचते हैं। यह उत्सव मया देदे और मया लेले का त्योहार है। कार्यक्रम में पार्षद मनोज वर्मा, सतनाम सिंह, चंद्रपाल धनगर, सुमित दास, मल्लिका प्रजापति, जीवनलाल ध्रुव, गोपाल वर्मा, बजरंग धीवर आदि शामिल थे।

### दीपावली पर किया भंडारा, बांटी सामग्री



**रायपुर।** साधक परिवार द्वारा पर दीपावली के अवसर पर रविग्राम में भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे प्रार्थना, वंदना, आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पं. हेमंत शास्त्री ने इस अवसर पर भगवान की महिमा व दिवाली पर्व पर दीप की महिमा बताकर साधक परिवार के उद्देश्य को सुंदर ढंग से समझाया। कार्यक्रम में शदाणी दरबार के संत युधिष्ठिर लाल महाराज की विशेष उपस्थिति रही। साधक परिवार ने जरूरतमंद परिवारों में दीये, बाती, तेल, चावल, दाल, खजूर, पोहा, आटा, मिठाई एवं वस्त्र वितरित किए गए। आयोजन में संत युधिष्ठिर महाराज,पं. हेमंत शास्त्री, शक्तिधाम के मोहन लाल तेजवानी, सिंधु शक्ति के किशोर आहूजा, भाजपा के मीडिया प्रभारी राजकुमार राठी, सिंधी समाज के शंकर लाल दानवानी, साधक परिवार के हरेश गोविंदानी, विजय अमरानी, मनोज गोगिया, डी. नारायण राव, यशवंत वर्मा सहित महिला मंडल की बहनें और बाल संस्कार के सेवादारी उपस्थित रहे।

# बारिश खत्म, धीमे-धीमे तापमान में गिरावट, आउटर में ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश में बारिश की गतिविधि समाप्त होने के बाद रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। इसके प्रभाव से बाहरी इलाकों में हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। अभी अंबिकापुर में तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री कम हो चुका है, मगर राजधानी का पारा चार डिग्री चढ़ा हुआ है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक दिन की तुलना में रात की लंबाई में वृद्धि हो रही है, जिसकी वजह से जमीन को ठंडा होने का वक्त मिलने लगा है। इसकी वजह से रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया। माना जा रहा है कि न्यूनतम तापमान में अभी बड़ी गिरावट तो नहीं होगी, मगर कमी आने का दौर जारी रहेगा। अब तक बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी की वजह से बादल छाए हुए थे और कहीं-कहीं बारिश भी हो रही थी। एक नवंबर से वर्षा की गतिविधि पर पूर्ण विराम लग गया है। इसके बाद रात के तापमान में पुनः गिरावट होने की संभावना बढ़ गई है। अभी शहर के मध्य इलाकों में वाहनों की आवाजाही अधिक होने की वजह से गर्मी महसूस हो रही है, मगर आउटर में हल्की ठंड महसूस होने लगी है। सरगुजा संभाग में सुबह के वक्त हल्की ठंड की दस्तक हो चुकी है। यहां का तापमान सामान्य से डेढ़ डिग्री तक नीचे जा चुका है, जबकि रायपुर समेत अन्य शहरों का तापमान सामान्य से काफी अधिक है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 23.3 जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक तथा दिन का अधिकतम तापमान 34.1 सामान्य से 3.5 डिग्री अधिक रिकार्ड किया गया है। अगले चौबीस घंटे में न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### अंबिकापुर में डेढ़ डिग्री कम हुआ पारा, शहर में चार डिग्री ज्यादा

#### 89 साल पहले सबसे ज्यादा और सबसे कम

रायपुर में 89 साल पहले यानी 1935 में नवंबर में सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री 22 नवंबर को दर्ज किया गया था। इसी तरह 1935 में ही 2 नवंबर को तापमान 35.6 डिग्री दर्ज किया गया था। वर्ष 1924 को सर्वाधिक मासिक वर्षा 138 मिमी. हुई थी और चौबीस घंटे में सबसे ज्यादा 70 मिमी. वर्षा 2 नवंबर 1930 में हुई थी।


फाइल फोटो

सब्जी विक्रेताओं को उचित मूल्य, लोगों को हरी सब्जी दिलाने की मुहिम फेल

# 1.28 करोड़ के उपभोक्ता बाजार में नहीं लौटे सब्जी उत्पादक, मंडी बोर्ड 4 साल में नहीं ले पाया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

किसानों के लिए उपभोक्ता बाजार बनवाने के बाद कृषि मंडी बोर्ड भूल गया है। किसानों से फीडबैक लिए बिना पंडरी और गंजपारा में 150 से ज्यादा दुकानें बनवा दी गईं। 6 साल पहले बाजार का शुभारंभ करवाने के बाद अब जिम्मेदार किसानों को बाजार से जोड़ने में नाकाम हैं। इससे चार साल से बाजार में सन्नाटा पसरा है। किसान बाजार में सब्जी लेकर आने का जोखिम अभी भी नहीं उठाना चाहते। इससे लोगों को किसानों से रोज हरी-सब्जी खरीदने की सुविधा भी नहीं मिल रही है।

राजधानी में कृषि उपज मंडी बोर्ड ने शासन के आदेश पर करीब 6 साल पहले पंडरी में करीब 96, गंजपारा में 60 दुकानों का निर्माण करवाने पर क्रमशः 92 व 36 लाख रुपए यानी 1.28 करोड़ खर्च किया। विगत चार साल से सब्जी बाजार वीरान पड़ा है। दोनों ही क्षेत्र में शहर के आसपास बाड़ी में सब्जी बेचने वालों को निःशुल्क बाजार देने के लिए किया गया प्रयास इस कारण भी फेल हुआ, क्योंकि कोविड के दौरान किसानों और थोक सब्जी विक्रेताओं के बीच बाड़ी से सब्जी लेन-देन का नया सिलसिला शुरू हो गया। इसे देखते हुए किसानों ने व्यापारियों को बाड़ी से ही सब्जी बेचना शुरू कर दिया। इससे सब्जी उत्पादक बाजार तक आने से बचने लगे, क्योंकि उन्हें घर बैठे उचित मूल्य मिलने लगा और गाड़ी भाड़ा भी बच रहा है। नतीजा, रोजगार देने के लिए चलाई गई मुहिम फेल होने से बाजार उजाड़ का हिस्सा बन गया है।



#### सही मूल्य दिलाने की पहल

शहर के आस-पास बाड़ी में सब्जी की खेती करने वाले किसानों को कोचियों से बचाने और सही मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार बनवाया। पंडरी में बाजार शुरू होने से लोगों का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा था। देवेन्द्र नगर, राजातालाब ,लोधीपारा, फाफाडीह सहित आस-पास के लोग सब्जी लेने पहुंचते थे। सालभर से भी ज्यादा समय तक बाजार गुलजार रहा। इस बीच कोविड शुरू हुआ व बाजार में किसानों को आने की मनाही ने उसे विरान किया। अब व्यापारियों व किसानों में लेन-देन शुरू होने से वे उपभोक्ता बाजार में नहीं आए।

#### नहीं शुरू हुआ यह बाजार

रामसागर पारा, समता कॉलोनी, बढ़ईपारा सहित आस-पास के लोगों को गंजपारा में बनवाए किसान उपभोक्ता बाजार से जोड़ने के लिए निर्माण में बड़ी लापरवाही हुई। पार्किंग की स्थिति जांचे बिना बाजार बनवाने से किसानों ने वहां आने से इंकार किया। इसके चलते बाजार बनने के बाद शुरू नहीं हुआ। इसके लिए बोर्ड ने कई बार निगम से जमीन मांगा, मगर प्रक्रिया जुबानी रह गई। इससे दोनों बाजारों का बुराहाल है। गंजपारा में बनवाए गए बाजार में आस-पास कारोबार करने वाले सामान रखने लगे हैं, इसलिए भी बाजार शुरू नहीं हुआ।

#### प्रभारी तय किया हैं, करेंगे प्रयास

उपभोक्ता बाजार में सब्जी उत्पादकों को वापस लाने के लिए कई बार प्रयास जारी है। इसके लिए बोर्ड ने प्रभारी भी तय किया है। उनके माध्यम से धान की कटाई के बाद एक बार फिर नए सिरे से बाजार शुरू करवाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास किया जाएगा।

**- प्रदीप शुक्ला,** सचिव, कृषि उपज मंडी, रायपुर

#### बाजार के लिए प्रभारी तय

मंडी बोर्ड ने सब्जी उत्पादकों को बाजार में वापस लाने के लिए कई बार प्रयास किया। हर बार किसानों ने बहाना करते हुए अधिकारियों को टालने का प्रयास किया। नए लोगों को बाजार में बैठाने का प्रयास भी फेल हो गया। इसके बाद बाजार शुरू हो इसके लिए बोर्ड के जिम्मेदारों ने उपभोक्ता बाजार का संचालन करने के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। अब दावा किया जा रहा है कि धान की फसल कटाई के बाद दोनों बाजार को शुरू किया जाएगा। बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि बाजार को शुरू करवाने के लिए अंतिम बार प्रयास किया जाएगा।

30 हजार के पटाखे जब्त

# ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करने वाले यात्रियों को आरपीएफ ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- ट्रेनों में जांच के दौरान आरपीएफ ने ज्वलनशील पदार्थ रखे यात्रियों पर की कार्रवाई

दीपावली के दौरान ट्रेन में पटाखे लेकर सफर करना यात्रियों को भारी पड़ गया। आरपीएफ ने जांच के दौरान ज्वलनशील पदार्थ के साथ सफर करने वाले यात्रियों पर कार्रवाई की है।

कई यात्रियों को जानकारी नहीं होती कि ट्रेन में पटाखे लेकर सफर नहीं कर सकते। आरपीएफ ट्रेन के भीतर और स्टेशनों में लगातार यात्रियों के बैग की जांच कर रही है। इसी कड़ी में अभी तक 30 हजार से अधिक का पटाखा जब्त किया जा चुका है। प्लेटफार्म 1 के पास बेंच में एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर बैग में पटाखा होना बताया और अपनी गलती स्वीकार की। इसके बाद धारा 164 रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर को सुपुर्द किया गया। पोस्ट प्रभारी रायपुर के आदेश पर आरोपी अनिल कुमार नागेश्वर के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

#### जानकारी होने के बाद भी बैग में रखा पटाखा

प्लेटफार्म में सेफ्टी ड्राइव व जांच के दौरान एक व्यक्ति से संदेह के आधार पर पूछताछ की गई। इस दौरान एक प्लास्टिक बैग में विस्फोटक पदार्थ पाया गया। विस्फोटक पदार्थ को रेलवे में लाने और परिवहन करने के संबंध में कोई वैधानिक अधिकार पत्र की मांग करने पर प्रस्तुत नहीं कर सका और अपनी गलती स्वीकार की। आरोपी गंगेश्वर वर्मा को रेलवे अधिनियम की धारा 164 का उल्लंधन करना पाकर धारा 179 रेलवे एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायपुर लाया गया।

# बागेश्वर धाम सरकार ने योगी के बयान 'बंटोगे तो कटोगे' का किया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



- मीडिया से चर्चा में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा

बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बयान बंटोगे तो कटोगे का समर्थन किया है। उन्होंने कहा है कि वे भारत को एक करने 21 से 29 नवंबर तक पदयात्रा करेंगे। इसका मकसद भारत को एक करना है। हिंदुओं को जो जात-पात, भेदभाव में बंटे हैं, उन्हें एकजुट करने पदयात्रा निकाली जाएगी, क्योंकि अब करो या मरो की बारी है।

रविवार को राजधानी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बागेश्वर धाम सरकार ने ये बातें कही। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि तुम मेरा साथ दो, मैं हिंदू राष्ट्र दूंगा। अगर हिंदू एक साथ रहेंगे, तो गैर सनातनी लोग हिंदुओं को तोड़ नहीं पाएंगे।

#### अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि प्रयागराज कुंभ क्षेत्र में हिंदुओं के दुकान खोलने वाली मांग का मैं समर्थन करता हूं। यह सही है कि जो लोग सनातन धर्म को नहीं मानते, वह संतों का क्या सम्मान करेंगे। उससे द्वंद्व पैदा होगा। विदित हो, प्रयागराज महाकुंभ में गैर हिंदुओं को दुकान नहीं दिए जाने के अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष के बयान का बागेश्वर धाम सरकार ने समर्थन किया है और कहा है कि अखाड़ा परिषद की मांग बहुत अच्छी है, अति उत्तम सोच है। जब राम से तुम्हारा कोई काम नहीं है, तो राम के काम से क्या काम है।

# 146 विकासखंडों में सहायक शिक्षक 11 को सीएम के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के एलबी संवर्ग के सहायक शिक्षक अपनी पांच सूत्रीय मांग को लेकर 11 नवंबर को सभी विकासखंड मुख्यालयों में आंदोलन करेंगे। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आव्हान पर लामबंद हजारों शिक्षक मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेश संयोजक मनीष मिश्रा, संजय शर्मा ने कहा कि सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एल बी संवर्ग को क्रमोन्नत/समयमान वेतनमान प्रदान किया जावे। इसके साथ ही समतुल्य वेतनमान में 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण किया जावे।

शिक्षक संघर्ष मोर्चा द्वारा 2 माह का चरणबद्ध आंदोलन पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान में तय किया गया है, जिसके तहत आंदोलन के पहले चरण में 4 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय में ज्ञापन दिया गया। दूसरे चरण में 24 अक्तूबर को सभी जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर शासन का ध्यान सहायक शिक्षकों के लंबित मांग की ओर आकर्षित कराया गया। इसी कड़ी में 1 नवंबर राज्य स्थापना के दिवस प्रदेश भर के शिक्षक पूर्व सेवा गणना दीप जलाकर अधिकार की मांग करने अनोखा प्रदर्शन किए। अब 11 नवंबर को प्रदेश के 146 विकास खंड में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। इसी तरह 12 नवंबर से 24 नवंबर के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक को मांग पत्र सौपा जाएगा। 25 नवम्बर को इंद्रावती से महानदी भवन मुख्यालय तक पैदल मार्च कर मांग पत्र देंगे।

#### प्रमुख मांगों पर एक नजर

- वेतन विसंगति दूर करने की मांग।
- पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित कर, भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष में पूर्ण पेंशन के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान किया जावे।
- सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षको के लिए क्रमोन्नति/समयमान का विभागीय आदेश जारी हो।
- शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के समान 01 जुलाई 2024 से 3 फीसदी महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में करने की मांग।

# ईवीएम मशीनों की कमीशनिंग आज, मॉकपोल कर होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- निर्माता कंपनी के इंजीनियर देंगे प्रेजेंटेशन

रायपुर नगर दक्षिण के लिये होने वाले आगामी विधानसभा उप चुनाव में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के माध्यम से मतदान कराये जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। मतदान के लिये मशीनों को तैयार करने के क्रम में मशीनों की कमीशनिंग का कार्य मंगलवार प्रातः 10 बजे से प्रारंभ कर दिया जा ये गा , जिसकी सूचना रिटर्निंग आफिसर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-51 जिला रायपुर द्वारा चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों को दी गई है।

मशीनों के कमीशनिंग का कार्य सेजबहार स्थित ई-ब्लाक शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में किया जावेगा। मतदान हेतु मशीनों को तैयार करने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के लिये निर्माता कंपनी मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियर नियत तिथि के एक दिवस पूर्व रायपुर पहुंचेंगे। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों के कमीशनिंग की प्रक्रिया में मेसर्स इलेक्ट्रानिक कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, हैदराबाद के इंजीनियरों द्वारा सभी वीवीपैट मशीनों में सिंबल लोडिंग की जायेगी। सभी मशीनों में एक मत डालकर तथा रेण्डम् रूप से चुने गये 5 प्रतिशत मशीनों पर 1000 मत डालकर मॉकपोल किया जायेगा।




#### प्रत्याशी अवलोकन के लिए उपस्थित हों- कंगाले

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले द्वारा विधानसभा चुनाव रायपुर नगर दक्षिण में चुनाव लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों से अपील की गई है कि वे कमीशनिंग की प्रक्रिया के अवलोकन के लिए नियत तिथि व समय पर उपस्थित रहकर इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों की कार्य प्रणाली और इसकी निष्पक्षता के संबंध में पूरी तरह आश्वस्त हों।

#### बुर्जुग और दिव्यांग मतदाता इस दिन करेंगे मतदान

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों एवं दिव्यांग 5 एवं 6 नवंबर को मतदान कर सकेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा, उप निर्वाचन के दौरान पूरी पारदर्शिता बरती जाएं। कोई भी मतदाता अपने मतदान के पूर्व पहचान पत्र अनिवार्य रूप से रखें। बीएलओ के माध्यम से मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है।

# लभांडी की पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने स्मार्ट सिटी से मिलेगा फंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- स्मार्ट सिटी ने निगम के भेजे पत्र पर लिया संज्ञान
- बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में होगा निर्णय
- डेढ़ साल से अटका काम

रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में शामिल आउटर वार्ड के रहवासियों को पीने का साफ पानी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने रायपुर स्मार्ट सिटी नगर निगम को फंड उपलब्ध कराएगी।

इस संबंध में नगर निगम द्वारा स्मार्ट सिटी को भेजे गए पत्र को संज्ञान में लेते हुए अब इस प्रस्ताव को रायपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल की बैठक में चर्चा के लिए रखा जाएगा। बोर्ड आफ डायरेक्टर की स्वीकृति मिलते ही लभांडी सहित आसपास के रहवासियों को नई पानी टंकी से बारहों महीना पीने का शुद्ध पानी बिना किसी दिक्कत के उपलब्ध होने लगेगा। नगर निगम ने जोन 9 क्षेत्र स्थित शहीद विद्याचरण शुक्ल वार्ड के लभांडी और फुंडहर गांव में रहवासियों को पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने लभांडी और फुंडहर में 2 नई टंकी बनाई है, पर टंकियों को राइजिंग लाइन से जोड़ने और डिस्ट्रीब्यूशन के लिए पाइप लाइन बिछाने के लिए पैसे नहीं हैं।



डेढ़ साल से यह काम अटका हुआ है। ऐसे में प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने पंद्रहवें वित्त आयोग मद से 48 करोड़ का प्रस्ताव शासन के पास स्वीकृति के लिए भेजा, पर डेढ़ साल बीतने के बाद इसकी मंजूरी नहीं मिली। दोनों गांव के रहवासी अब भी बोरवेल और कुंए के भरोसे अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

#### स्मार्ट सिटी से मांगा है फंड

नगर निगम के कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा के मुताबिक अमृत मिशन के तहत लभांडी में बनाई गई नई पानी टंकी से जल आपूर्ति शुरू कराने रायपुर स्मार्ट सिटी से आवश्यक राशि की मांग की गई है। इस संबंध में पत्र लिखा गया है, जिसे क्लीयर कर बोर्ड आफ डायरेक्टर की बैठक में स्वीकृति के लिए रखा जाएगा। इसकी मंजूरी मिलने पर लभांडी पानी टंकी से राइजिंग लाइन को जोड़ने और नई पाइप लाइन बिछाने का 90 फीसदी काम पूरा हो जाएगा। वहीं फुंडहर में नवनिर्मित पानी टंकी को शुरू करने वित्त आयोग मद से राशि की मांग की जाएगी।

# हनुमान मंदिर में पूजा पाठ, प्रसाद वितरण भी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुद्धेश्वर चौक पर शनिवार को हनुमानजी का विशेष श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई। साथ ही मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने छत्तीसगढ़ की सुख-शांति, समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर श्री शर्मा ने बताया कि कार्तिक शुक्लपक्ष की प्रतिपदा तिथि को गोवर्धन पूजा का त्योहार मनाया जाता है। गोवर्धन पूजा का पर्व विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण और गोमाता को समर्पित है, इसलिए इसमें श्रीकृष्ण और गायों की पूजा होती है। इसी दौरान अन्नकूट गोवर्धन के साथ ही गोमाता की पूजा की गई। गाय को खिचड़ी बनाकर खिलाई एवं प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

## खबर संक्षेप




### राज्यपाल और मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

रायपुर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या के प्रकरण में उच्च स्तरीय जांच कर उचित न्याय दिलाने के लिए राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संपूर्ण प्रकरण में न्यायसंगत कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश मिश्रा, महासचिव द्वय अजय अवस्थी, सुनील ओझा, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण केंद्रीय समिति अध्यक्ष विनय तिवारी, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, युवा अध्यक्ष अविनय दुबे, उपाध्यक्ष द्वय संजय अवस्थी, मिथिलेश रिछारिया, संभागीय सचिव सतीश शर्मा, उपाध्यक्ष रवि शर्मा, कोषाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

### सोना-चांदी चमकाने के नाम पर महिला से ठगी

महासमुंद। सोने-चांदी के जेवर चमकाने के नाम पर जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम पितईपाली में एक महिला ठगी की शिकार हो गई। आरोपियों ने महिला को झांसा देते हुए मंगलसूत्र लेकर फरार हो गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली ानकारी के अनुसार ग्राम पितईबंद में सुबह करीबन 8 बजे बाइक से दो लोग रूकमणि चौधरी के घर पर आए और उन्होंने कहा कि वे लोग पुराने सोने-चांदी जेवर को साफ करते हैं और कहा कि सोना हो तो चमका कर सैंपल दिखा देंगे। उनके झांसे में आकर महिला ने अपना सोने का मंगलसूत्र करीबन 8 ग्राम साफ करने दे दिया। जिसे एक आरोपी ने प्लास्टिक पैकेट में डाला व पैकेट में पाऊडर डालकर साफ करता हूं कहकर अपने पास रख लिया। कुछ समय बाद उन लोगों ने महिला को प्लास्टिक का पैकेट को वापस किया और वे लोग वहां से चले गये। शंका होने पर महिला ने कुछ देर बाद प्लास्टिक के पैकेट को खोलकर देखा तो उसे में 4 नग पत्थर के टुकड़े थे। पुलिस ने महिला के पति की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(5), 318(4) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## पेज 9 के शेष

### 5 किलो गांजा...

खान द्वारा उपलब्ध कराना बताया गया, जिस पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल आरोपी समीर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपना अपराध स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी समीर खान से अवैध मादक पदार्थ गांजा बिक्री रकम 300 एवं एक मोबाइल भी जब्त किया गया है। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 B, 29 NDPS एक्ट के तहत आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

# अस्पताल के बाहर दिखेगी हरियाली, मरीजों के परिजन बिता सकेंगे सुकून के पल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अपने परिजन के इलाज के तनाव के बीच आंबेडकर अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजन सुकून के पल बिता सकेंगे। परिसर के सामने काफी सालों से उजाड़ पड़े गार्डन को फिर से हरा-भरा करने की तैयारी चल रही है। इसके लिए अस्पताल का रखरखाव करने वाले पीडब्लूडी को प्रस्ताव बनाकर भेजने की तैयारी है।

काफी साल पहले अस्पताल के बाहरी हिस्से में खाली पड़े मैदान को हरा-भरा रखने के लिए पेड़-पौधे रोपे गए थे। कुछ समय बाद रखरखाव के अभाव में की गई मेहनत बेकार हो गई और लगाए गए पौधे सूख गये। इसके बाद से इस हिस्से की तरफ ध्यान ही नहीं दिया गया था। जल्दी ही अस्पताल के बाहर से गुजरने वालों को वहां पेड़-पौधे की हरियाली नजर आएगी।

आंबेडकर अस्पताल के प्रबंधन ने इस ओर ध्यान देना शुरू किया है और लोक निर्माण विभाग को इस बारे में प्रस्ताव बनाकर दिया है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में उजाड़ पड़े गार्डन जैसे हिस्से में पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। इससे अस्पताल की सुंदरता बढ़ेगी, साथ ही वहां आने वाले मरीजों के परिजन अपना वक्त भी बिता सकेंगे। अभी मुख्य सड़क और अस्पताल की पार्किंग के बीच का हिस्सा साफ-सफाई के अभाव में खाली पड़ा है। वहीं मेडिकल कालेज की तरफ के हिस्से में झाड़ियां उग आई हैं।

## उजाड़ पड़ा आंबेडकर अस्पताल का गार्डन फिर होगा हरा-भरा

### पार्किंग की थी योजना

आंबेडकर अस्पताल के बाहर स्थित इस रिक्त जमीन पर मल्टीलेवल पार्किंग बनाने की योजना थी। उस दौरान तर्क दिया गया था कि अस्पताल में बड़ी संख्या चिकित्सकीय स्टाफ के साथ मरीजों और उनके अटेंडरों के साथ एंबुलेंस आती है। वाहनों की संख्या के हिसाब से मौजूद स्थान कम है, जिसकी वजह से अव्यवस्था हो जाती है। पार्किंग की योजना पर विचार किया जा रहा था, मगर बाद में इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया।




### अटेंडरों की सुविधाओं पर ध्यान

अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों के साथ अब उनके अटेंडरों की सुविधाओं की तरफ भी ध्यान देन शुरू कर दिया है। इसके तहत आईसीयू के बाहर गलियारे में पंखे लगाए गए हैं। दिनभर मरीजों की तीमारदारी में व्यस्तता के बाद परिजन यहीं अपना रात बिताते हैं। लगाए गए पंखों से उन्हें राहत होगी इसी तरह अन्य स्थानों पर भी उनकी मूलभूत सुविधाओं को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रस्ताव बना रहे

अस्पताल के सामने हिस्से में पेड़-पौधे लगाकर उसे साफ रखने की तैयारी की जा रही है। यहां अटेंडर भी अपना वक्त बिता सकेंगे। पीडब्लूडी को इसके लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

*- डॉ. संतोष सोनकर, चिकित्सा अधीक्षक, आंबेडकर अस्पताल*

## पत्रकार वार्ता में प्रकाश मुनि ने सरपंच परिवार पर पूर्व के खुन्नस निकालने की जताई संभावना

# दामाखेड़ा में पटाखा फोड़ने का नहीं है विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

तहसील के ग्राम दामाखेड़ा में दीपावली की रात आश्रम में बलात घुस कर गांव के लगभग 50-60 उपद्रवियों द्वारा जो तांडव किया गया है, उससे कबीर पंथ के धर्म गुरु प्रकाश मुनि नाम साहेब काफी आहत हैं। पंथ श्री ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल खड़ा करते हुए 3 नवंबर की शाम कबीर आश्रम में पत्रकार वार्ता आयोजित की। इस दौरान बड़ी संख्या में कबीर पंथ के अनुयायी भी मौजूद रहे।

उन्होंने घटित घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि दामाखेड़ा में 1904 में कबीर पंथ के आश्रम की स्थापना की गई। इस 120 वर्षों से यह पहली घटना है। वहीं इस मामले में पक्ष विपक्ष के लोग एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा कर इसे राजनीतिक रंग दे रहे हैं। पंथ श्री ने पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि घटना के दिन जरूर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 17 उपद्रवियों को जेल भेज दिया, लेकिन उनसे पुछताछ नहीं की गई कि उक्त घटना आखिर क्यों घटी? उनके पूत्र उदित मुनि ने ऐसा क्या किया? आखिर आश्रम से क्या बैर है? इन सवालों के जवाब अभी तक नहीं मिले हैं। पंथ श्री ने कहा कि प्रशासन मीडिया को सही जानकारी नहीं दे रहा हैं।

उन्होंने कहा कि सरपंच पति पूरन देवांगन एवं उसके समर्थकों द्वारा पुरानी रंजिश के चलते दीपावली की रात घटना को अंजाम दिया गया। यह कोई पटाखा फोड़ने वाला विवाद नहीं है बल्कि दूसरा है। कोराना काल में कबीर पंथ के धर्म गुरु धनी धर्म दास साहेब की 625वीं जयंती को आश्रम द्वारा सादगीपूर्ण तरीके से मनाया गया, लेकिन सरपंच पूर्णिमा पूरन देवांगन, जनपद सीईओ पंकज देव एवं पंचायत सचिव राजू देवांगन ने फर्जी तरीके से छग संस्कृति विभाग से उक्त कार्यक्रम के लिए 10 लाख की मांग कर गबन कर लिए। जिसकी जानकारी होने पर मामले की शिकायत की गई, लगभग 1 साल तक फरारी काटने के बाद सरपंच पति अग्रिम जमानत पर हैं। वहीं प्रशासन द्वारा इस मामले का चार्ज शीट आज दिनांक तक पेश नहीं किया है, जो खेद का विषय है। प्रकाश मुनि ने कहा कि सरपंच पति पूर्व में जुआ सट्टा शराब जैसे अवैध कार्यों में लिप्त रहे हैं।



### देशभर से पहुंचे रहे अनुयायी

उक्त घटना के बाद से कबीर पंथ के अनुयायी देशभर से बड़ी संख्या में दामाखेड़ा पहुंच रहे हैं। हालांकि पंथ श्री का कहना है कि उनके अनुयायी उदित मुनि के कुशलक्षेम जानने आ रहे हैं। दामाखेड़ा में हजारों की संख्या में पहुंच रहे कबीर पंथीयों को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं। चारों तरफ पुलिस के जवान तैनात हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।

### प्रशासन को अच्छे से कार्रवाई करनी चाहिए

दामाखेड़ा चूंकि कबीर पंथ की धर्म नगरी है। यहां शराब व मांस बेचना प्रतिबंधित है, लेकिन पड़ोसी गांव किरवई में शराब व मांस खुलेआम बिकता है, जिसके चलते उपद्रवियों द्वारा आश्रम परिसर में शराब एवं मांस का सेवन किया जाता है। इसका वीडियो स्वयं उदित मुनि ने बना कर गांव के बुजूर्गों को दिखाते हुए इस पर रोकथाम करने निवेदन किया था। इन्ही सब कारणों के चलते सुनियोजित तरीके से उपद्रवियों द्वारा अपने 50 60 समर्थकों के साथ जिसमें महिलाएं भी शामिल थीं। लाठी डंडे से लैस होकर आश्रम में धावा बोलकर जलते हुए पटाखा बम फेंके गए। उपद्रवियों द्वारा उदित मुनि को अश्लील गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। सिमगा पुलिस ने आश्रम के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर घटना दिनांक को 17 लोगों पर कार्रवाई की है, जिससे मैं संतुष्ट नहीं हूं। प्रशासन द्वारा और अच्छे से कार्रवाई की जानी थी।

## जो थे टिकट के दावेदार, बन गए कांग्रेस के स्टार प्रचारक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण उपचुनाव को लेकर कांग्रेस ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश के बड़े नेताओं के नाम सूची में हैं। इनमें विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हारे नेताओं को भी शहर में स्टार प्रचारक के रूप में शामिल किया गया है। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रभारी सचिव सहित भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज को भी शामिल किया गया है। दक्षिण विधानसभा सीट के दावेदार रहे लोगों को इसमें शामिल कर संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। इन दावेदारों में प्रमोद दुबे, कन्हैया अग्रवाल, ज्ञानेश शर्मा और एजाज ढेबर को भी सूची में शामिल किया गया है। निर्वाचन आयोग को एआईसीसी के द्वारा सौंपी गई 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी गई है। अब चुनाव प्रचार को एक सप्ताह शेष रह गया है, बड़े नेता वार्ड स्तर पर सोमवार से चुनाव प्रचार में उतरेंगे। तीनों प्रदेश प्रभारियों को भी वार्ड के चुनाव प्रचार पर नजर रखने कहा गया है। दक्षिण विधानसभा के 19 वार्डों में अधिकांश में कांग्रेस के पार्षद हैं। यहां पर जातिगत समीकरण के हिसाब से जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहां पर ब्राह्मणों की संख्या जिन वार्डों में ज्यादा है, वहां पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है। अन्य सामाजिक संगठनों को भी कांग्रेस साधने की कोशिश में है। स्टार प्रचारकों में राज्य सभा सांसद रंजीत रंजन, फूलोदेवी नेताम और सांसद ज्योत्सना महंत को भी शामिल किया गया है।

■ दक्षिण के उप चुनाव में वार्डों में उतरेंगे कांग्रेस के बड़े नेता

### बूथ और वार्ड स्तर पर दिखेगी सक्रियता

कांग्रेस पदाधिकारी ब्लॉक और वार्ड में स्थानीय वोटरों को चिन्हित कर सभी समाज के लोगों को जोड़कर काम करेंगे। बूथ में मतदाता चिन्हित कर घर-घर जाकर अपील की जाएगी। सभी वार्डों में कम से कम हर घर में तीन बार जाना है। वरिष्ठ नेताओं की नुक्कड़ सभा कराई जाएगी। सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, डॉ. शिव डहरिया, मोहम्मद अकबर, रविंद्र चौबे सहित अन्य नेता वार्ड स्तर पर प्रचार के लिए उतरेंगे।

# दीपावली पर दो दिन में शहर से निकला 1400 मीट्रिक टन कचरा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दीपावली त्योहार के दौरान लोगों के घरों और दुकानों से खूब कचरा निकला। त्योहारी साफ-सफाई के चलते दो दिन में ही 1400 मीट्रिक कूड़ा-करकट शहरभर से निकाला गया। इसमें रामकी कंपनी की 240 सफाई गाड़ियों से पहले दिन 540 मीट्रिक टन और नगर निगम के सफाई वाहनों से 60 टन कचरा साफ किया गया। वहीं त्योहार के दूसरे दिन के 70 वार्डों से डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के दौरान 600 मीट्रिक टन गीला और सूखा कचरा तथा निगम की सफाई कर्मचारियों ने 200 टन कचरा साफ किया।

■ रामकी की 250 गाड़ियां और निगम के सफाई कर्मचारी सफाई में डटे रहे

त्योहारी सीजन के कारण शहर में लोगों के घरों और दुकानों से आम दिनों की तुलना डेढ़ गुना ज्यादा कचरा निकला। शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी द्वारा पूर्व में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन कर प्रतिदिन 500 मीट्रिक टन गीला और सूखा कचरा सकरी प्लांट भेजा जाता था, यह मात्रा बढ़कर 700 से 800 मीट्रिक टन तक जा पहुंची है।

साथ ही सफाई वाहनों के फेरों की संख्या भी पहले की तुलना में बढ़ा दी गई है। पूर्व में 700 ट्रिप कूड़ा-करकट कचरा गाड़ी से सेकंडरी पाइंट तक पहुंचाया जाता था, अब गाड़ियों के फेरे की मात्रा बढ़कर 800 ट्रिप तक जा पहुंची है।



### ऐसे कचरे की भरमार

एक तरफ जहां जहां शहर की सफाई का ठेका लेने वाली कंपनी शहर को त्योहारी सीजन में चकाचक करने के दावे करते थक नहीं रही। वहीं इसके उलट शहर के रिहाइशी इलाकों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों पर केला पत्ता के डंठल, फूलों की माला, डिस्पोजल गिलास, थर्माकोल सहित अन्य तरह की सामग्री के ढेर यहां-वहां बिखरे नजर आए, जिसे साफ करने न निगम के कर्मचारी दिखे, न ही रामकी की गाड़ी स्पॉट पर नजर आई। केंद्र के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के तत्वावधान में स्वच्छ भारत मिशन द्वारा 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान के निर्देश नगर निगम के लिए भी जारी हुए थे। इस अभियान के लिए निगम आयुक्त ने गत सप्ताह समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश भी दिए। यह अभियान 31 अक्टूबर लक्ष्मीपूजा के दिन जोर-शोर से चला। इसके बाद 1 नवंबर व 2 नवंबर को यह अभियान केवल मेन मार्केट एरिया की सड़कों तक ही सिमटा रहा। बस्ती इलाकों में कचरे का अंबार देखने को मिला।

## चोरी की कोशिश के चलते एटीएम और सीसीटीवी में तोड़फोड़

महासमुंद। रविवार और सोमवार की दरमियानी रात पिथौरा के पुरानी कन्या शाला के पास स्थित एसबीआई एटीएम में चोरी की नीयत से तोड़फोड़ की घटना प्रकाश में आई है। बताया जा रहा है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा एटीएम मशीन के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया, ताकि उनकी पहचान ना हो पाए। घटना के तुरंत बाद पिथौरा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। तकनीकी सबूतों और सीसीटीवी फुटेज की सहायता से एक संदेही को गिरफ्त में लिया गया और कड़ाई से पूछताछ करते हुए दूसरे आरोपी को भी ढूंढ निकाला गया है। सूत्रों के अनुसार दोनों आरोपी समीपस्थ ग्राम राजासैवैय्या के हैं। घटना के सामने आने के बाद एटीएम मशीन की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नागरिकों की मानें तो इसमें बैंक प्रबंधन की लापरवाही है। एटीएम को केवल सीसी टीवी कैमरों के हवाले रख छोड़ा गया है।

■ एटीएम केवल सीसी टीवी कैमरों के भरोसे, दो आरोपियों के गिरफ्तार किए जाने की खबर

## बगैर अनुमति स्कूल संचालन, 50 हजार रुपए अर्थदंड व स्कूल बंद करने का आदेश

**महासमुंद।** शिक्षा विभाग से बगैर अनुमति बिजेमाल में एके स्मार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालन की शिकायत पर जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूल संचालक को 50 हजार रुपए अर्थदंड व स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया है। आरटीआई कार्यकर्ता ने 19 मार्च 2024 को संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर से इसकी शिकायत की है। उक्त निजी स्कूल को शिक्षा विभाग की ओर से विधि सम्मत स्कूल संचालन करने अनुमति प्रदाय नहीं किया गया है। बता दें कि तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद श्रीमती मीता मुखर्जी ने इस एके स्मार्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल को बगैर मान्यता संचालित होने की जानकारी पर स्कूल को तत्काल बंद कराने का आदेश भी जारी किया था। लेकिन, उक्त आदेश का पालन स्कूल संचालक ने नहीं किया।

लिखित शिकायत के बाद जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद को उच्चाधिकारियों ने कई बार नोटिस जारी किया। बाद डीईओ मोहन राव सावंत ने 28 अक्टूबर 2024 को स्कूल संचालक पर 50 हजार रुपए जुर्माना व स्कूल बंद करने का आदेश जारी किया। पचास हजार रुपए जमा नहीं करने की स्थिति में प्रतिदिन दो हजार रुपए जुर्माना लगाने का निर्देश भी दिया गया है।

## सुआ नृत्य दल का किया गया स्वागत

**महासमंद।** ग्राम गुड़रूडीह में जनपद पंचायत महासमुंद के सभापति रमाकांत ध्रुव द्वारा सुआ नृत्य करने पहुंची बच्चियों का स्वागत किया गया। स्नेह स्वरूप उनको श्रीफल भेंट किया गया।

### भूल सुधार

हरिभूमि के अंक में न्यायालय अनुविभागीय राजस्व बिलाईगढ़ जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ की ओर से आवेदक भागवेन्द्र पिता संतोष जाति कोष्टा के विज्ञापन दिनांक 30/10/2024 को प्रकाशित ईश्तहार/उद्घोषणा,रा.प्र.क्र....अ/2 वर्ष 2024-25 में ग्राम कोट तहसील-सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ स्थित भूमि में त्रुटिवश खसरा नंबर 592/2 रकबा 0.014 हेक्टेयर भूमि पैसे के स्थान पर खसरा नंबर 592/10 रकबा 0.014 हेक्टेयर भूमि पैसे प्रकाशित हो गया है। इसे सुधार कर 592/2 रकबा 0.014 हेक्टेयर भूमि पैसे पढ़ा जावे।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000



# पांच बार बढ़ी राशन कार्ड सत्यापन की तिथि, अब भी 4 प्रतिशत शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पांच बार राशन कार्ड सत्यापन की तिथी बढ़ाए जाने के बाद भी जिले में अब भी तकरीबन 4 प्रतिशत कार्डधारियों ने ईकेवाईसी नहीं कराए। शासन द्वारा अब तक इनके राशन रोके जाने के संबंध में कोई स्पष्ट निर्देश नहीं हैं इसलिए, सत्यापन नहीं कराए जाने और लगातार राशन का उठाव किए जाने के कारण इन्हें बोगस भी घोषित नही किया जा पा रहा।

बता दें कि जिले में 3 लाख 39 हजार राशन कार्डधारियों में से 3 लाख 26 हजार लोगों ने कार्ड का सत्यापन करा लिया है। अब शेष केवल यही 4 प्रतिशत रह गए। इधर, न तो इन कार्डों पर राशन के लिए रोक लगाई जा रही है और न ही इन्हें बोगस माना जा रहा है। ऐसे में अब तिथि तो बढ़ाई नहीं गई है लेकिन, आगामी दिनों में तिथि के छठवीं बार बढ़ाने की संभावना है। हालांकि माह नवंबर के लिए इन कार्डधारियों के लिए आबंटन नहीं होने की बात सामने आ रही है।

खाद्य विभाग ने नवंबर महीने का इनका आबंटन भेजा है। दूसरी ओर, केंद्र सरकार द्वारा राशन मशीनों के अपडेट के कारण पिछले दो दिनसे राशन दुकानें बंद हैं, जिससे हितग्राहियों को राशन नहीं मिल रहा है। रविवार की दोपहर तक दुकानें खुलने की संभावना है।

खाद्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, जिले में कुल 3 लाख 39 हजार राशन कार्ड धारी हैं, जिनमें से तकरीबन 13 हजार लोगों ने सत्यापन नहीं कराया है। ज्ञात हो कि प्रदेश में पिछले आठ महीनों से राशनकार्ड का सत्यापन चल रहा है, लेकिन अब भी 5 बार तिथि बढ़ाए जाने पर भी जिले के इन कार्डधारी अपने सत्यापन को लेकर संजीदा नहीं है।



### पांच बार बढ़ाई गई अंतिम तिथि

जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि शासन द्वारा सत्यापन के लिए 5 बार तिथी बढ़ाई गई लेकिन, जिले के 4 प्रतिशत कार्डधारियों ने सत्यापन नहीं कराया। शासन की ओर से अब तक कोई नई तारीख जारी नहीं की गई है, साथ ही स्पष्ट निर्देश आने का इंतजार है।

### बोगस हो सकते हैं राशन कार्ड!

खाद्य विभाग के अनुसार, जिन लोगों ने सत्यापन नहीं कराया, यदि ऐसे कार्डधारी खाद्यान्न लेने पहुंचते हैं, तो उन्हें अपनी जानकारी विभाग को देनी होगी, जिसमें आधार कार्ड और एड्रेस प्रूफ मांगा जा सकता है। विभाग को आशंका है कि ये राशनकार्ड बोगस हो सकते हैं। लेकिन स्पष्ट दिशानिर्देश नही होने की बात कहते हुए अफसरों ने बताया कि सत्यापन नहीं करने पर राशनकार्ड शुरू नहीं होगा।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाइक को टक्कर मारा, एक घायल

**महासमुंद।** घरेलू काम से पिरदा जा रहे एक व्यक्ति की बाइक को एक दूसरे बाइक चालक ने ठोकर मार दी। पुलिस ने बताया कि पदुमलाल साव निवासी ग्राम पुरूषोत्तमपुर 20 अक्टूबर को बाइक सीजी 06 जीएस 2427 से घरेलू काम से ग्राम पिरदा जा रहा था। शाम करीबन 05 बजे भीखापाली दास फैंसी स्टोर के पास पहुंचने पर विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल सीजी 06 जीडब्लू 4237 के चालक दीपेश उर्फ त्रिलोचन साहू निवासी ग्राम ताला ने अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए प्रार्थी की बाइक को सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद गिरने से प्रार्थी घायल हो गया। मामले में पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सरायपाली में लगा मेंटल हेल्थ कैंप



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत फिक्स डे मेंटल हेल्थ कैंप सीएचसी सराईपाली में आयोजित किया गया। जहां 34 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया। इस कैंप में डॉ पी कुदेशिया, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से कैंप आयोजित किया गया। सीएचसी सराईपाली से वीए कोसरिया बीएमओ, सीतल सिंह बीपीएम, डॉ वर्षा सतपती द्वारा सहयोग किया गया। मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लीनिक मनोरोग विभाग से आरजी खूंटे पीएस डब्लू, टेकलाल नायक का सहयोग रहा।

### मुक्तिधाम सेवा समिति ने किया अज्ञात वृद्ध के शव का अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** शहर की समाज सेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों द्वारा सोमवार को एक 65 वर्षीय अज्ञात वृद्ध के शव का अंतिम संस्कार किया। मृतक वृद्ध के बारे में जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों ने बताया कि विगत 3 दिन पूर्व इस वृद्ध व्यक्ति को किसी ने उपचार के लिए जिला हॉस्पिटल खरोरा में भर्ती कराया था। यह वृद्ध व्यक्ति लकवा बीमारी से भी पीड़ित था, जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु होने पर उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए शहर की समाजसेवी संस्था मुक्तिधाम सेवा समिति को सौंपा गया। स्थानीय दलदली मार्ग स्थित मुक्तिधाम स्थल में समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डॉ जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, मोहन बावनकर, डॉ एजाज नकवी, मनोज पटेल, गोपाल वर्मा, विजय ठाकुर, गुमानचंद जैन, संजय साहू ने उक्त अज्ञात वृद्ध व्यक्ति के शव का ससम्मान अंतिम संस्कार किया।

### बृजराज स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** पीएमश्री शासकीय बृजराज प्राथमिक शाला में नेहान कुरैशी के जन्मदिन पर उनके पिता मो निसार शेख कुरैशी व माता रुखसाना द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें सभी बच्चों को केला, समोसा, जलेबी वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक गोमती साहू, शिक्षक मनीषा साहू, नेहा चंद्राकर, देवेंद्र ठाकुर, सुशांत शेखर धराई उपस्थित रहे।

### मातर त्योहार में शरीक हुए देवीचंद

**महासमुंद।** वार्ड 10 के पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने वार्ड नंबर 14 गौरा चौरा में ठेठवार यादव समाज द्वारा आयोजित मातर त्यौहार में शामिल होकर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। उल्लेखनीय है कि वर्षों से यादव समाज द्वारा मातर पर्व उल्लासमय वातावरण में मनाया जाता है। इस अवसर पर यादव समाज के प्रमुख घनश्याम यादव, जगदीश यादव, दीनू यादव, भरत, कृपाराम यादव, प्रकाश यादव, संतोष यादव, भागवत, नारद यादव सहित समाज के सभी महिला पुरूष व शहर के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पर्व : बजरंगियों ने आयोजित किया कार्यक्रम, भगवान शंकर एवं माता पार्वती का विवाह हुआ

# गौरा गौरी शोभायात्रा में हैरतअंगेज करतब रहा आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



नगर के विभिन्न वार्डों में गौरा-गौरी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें बजरंग सेना अखाड़ा दल के बाल कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाया। दिपावली पर भगवान गौरा-गौरी मूर्ति की स्थापना नगर के अधिकांश वार्डों में जैसे, नयापारा वार्ड, डबरा पारा, नया गंज वार्ड, हथनिपारा वार्ड, सुभाष वार्ड, शक्ति वार्ड, नेहरू वार्ड, मातादेवालय वार्ड सहित अनेक वार्डों में की गई थी, जहां पर भगवान गौरा-गौरी की विधिवत पूजा अर्चना आदिवासी समाज सहित सभी समाज के लोगों ने की। गोवर्धन पूजा के दिन प्रात 6 बजे टिकावन कार्यक्रम हुआ एवं दोपहर 12 बजे भगवान गौरा-गौरी की भव्य शोभायात्रा गाजे बाजे व अखाड़े के साथ विसर्जन कार्यक्रम स्थानीय कल्याण सागर तालाब में संपन्न की गई। वहीं नयापारा वार्ड में ईश्वर राजा-गौरा रानी की मूर्ति स्थापित सतरूपा गणेश सिंह ध्रुव, सावित्री पुनऊराम ध्रुव, कदम सुरेश सिंह ध्रुव, जयसिंह कुंती ध्रुव, इंदु गीता प्रसाद ध्रुव, दिनेश बिमला ध्रुव, प्रीति ओमसिंह ध्रुव, रामायण संतोषी ध्रुव, नेहा प्रेम ध्रुव के देखरेख में जसपाल, दीक्षा, रश्मि, लक्ष्मी, आरती, जानकी, गौरी, कोमल, निकिता ध्रुव द्वारा संपन्न की गई। इसमें आदिवासी परिवार सहित वार्ड वासियों के सहयोग से यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहभागिता बजरंग सेना अखाड़ा दल के प्रमुख बजरंग ध्रुव के मार्गदर्शन में छोटे-छोटे कलाकारों द्वारा बॉबी ध्रुव, सन्नी ध्रुव, शिवम ध्रुव, पप्पू पवनकर, चिंटू यादव, पिंटू यादव, डगेश्वर साहू, सौरभ ध्रुव, मोनू यादव, जिगर, ध्रुव, प्रथम, ध्रुव, शेखर ध्रुव, निक्कू, हितेश, जतिन, साहित्य, विकास, मयंक, नैतिक, भूपेंद्र, कृष्णा, लकी सहित अन्य आकर्षण हैरत अंगेज करतब दिखाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग हिमांशु यादव, शिव ध्रुव, गोलू ध्रुव, आयुष यादव, निखिल यादव अमन ध्रुव, जंतु ध्रुव, आदि ने शोभायात्रा में सिर पर गौरा-गौरी की प्रतिमाओं को रखें युवतियां। शोभायात्रा में अखाड़े के युवाओं ने आकर्षक हैरत अंगेज कर देने वाले करतब दिखाएं।

### ग्रामीण अंचल में निकाली गई गौरा-गौरी की झांकी



**भवानीपुर।** अंचल के ग्राम भवानीपुर, तमोरी, गिधपुरी, भरूवाड़ी, रिवाड़ीह, बम्हनी, चरौदा, मोहान, साहडा सहित विभिन्न ग्रामों में गौरा-गौरी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर दिपावली पर महालक्ष्मी की पूजा कर गौरी गौरा की झांकी निकली गई। इसमें भगवान शंकर एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न करने का कार्यक्रम हुआ। ग्रामीण अलग–अलग वेशभूषा में बाराती बने। भोजली समिति एवं कीर्तन मंडली द्वारा भी छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी अलग–अलग वेशभूषाओं में लोगों का मनोरंजन करते हुए हमारे पारंपरिक एवं सांस्कृतिक धरोहर विशेष झांकी का प्रदर्शन दिखाया, जिसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मातर उत्सव में राधा कृष्ण की निकाली झांकी

**भवानीपुर।** ग्राम पंचायत भवानीपुर में इस वर्ष भी मातर महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह यादव बंधुओं ने गौठान में पूजा अर्चना कर दोपहर में झांकी का प्रदर्शन करते हुए गीत एवं संगीत के माध्यम से श्री राधा कृष्ण की जीवन गाथा एवं उनकी झांकी का भी प्रदर्शन किया। इसमे छोटे-छोटे बच्चों की वेशभूषा आकर्षण का केंद्र थी। रात्रि में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसे देखने आसपास के अलावा दूरदराज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। राऊत नृत्य भवानीपुर, लोकगीत कान्हा मानस परिवार छेरकाडीह, सुवा एवं झांकी परिवार धौराभाठा, लोक नृत्य पंथी ग्राम बोदा, रिकॉर्डिंग डांस चिंगारिया, छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच लोक संध्या फुलवारी फिंगेश्वर जिला गरियाबंद का सांस्कृतिक कार्यक्रम सुबह तक चला। इस अवसर पर ग्राम के विभिन्न समिति व मातर महोत्सव समिति व ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।



## मातर उत्सव में विधायक संदीप हुए शामिल, प्रतिभाओं का किया सम्मान

- सरपंच की मांग पर निषाद भवन और सीसीरोड के लिए दिए 5-5 लाख

**पलारी।** विकासखंड के ग्राम लटेरा में मातर उत्सव कार्यक्रम में गांव के बाल गोपाल यूथ फाऊंडेशन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि एवं जिला कांग्रेस के अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में पूजा अर्चना कर महोत्सव का शुभारंभ राजगीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में गांव की 10वीं और 12वीं कक्षा के प्रतिभावान छात्र–छात्राओं का सम्मान विधायक संदीप साहू व अतिथियों द्वारा किया गया। सब इंस्पैक्टर के पद पर चयनित हुई ग्राम बोहारडीह की भारती मारकंडे को भी सम्मानित किया गया। विधायक ने युवाओं द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहन के लिए किए गए कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि युवा यदि समाज और संगठन में नेक कार्य करे तो उसका प्रतिफल हमेशा प्रेरणादायी होता है। उन्होंने सरपंच रवि बंजारे की मांग पर सारे कार्य प्राथमिकता के तौर पर पूरा करने का आश्वासन दिया। रोहित साहू ने विधायक द्वारा निषाद भवन के लिये 5 लाख तथा सीसीरोड के लिये 5 लाख राशि दिये जाने पर धन्यवाद देते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## ओड़ान में मना दिवाली एवं ईसर गउरा महोत्सव

- पर्व पर ईसर महादेव की निकाली बारात, महिलाएं व बच्चे बड़ी संख्या में हुए शामिल

**पलारी।** ग्राम पंचायत ओडान में दीपावली पर्व पर ध्रुव समाज एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ईसर गउरा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ध्रुव समाज एवं ग्रामीणों द्वारा चूलमाटी से पवित्र मिट्टी लेकर ईसर महादेव–गौरा की मूर्ति बनाई गई, इसके बाद रात्रि 12 बजे ईसर महादेव के बारात में महिलाएं बच्चे समेत बड़ी संख्या में लोग नाचते–गाते हुए शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रूपी फुलवारी में उपजी पारम्परिक लोक गीतों एवं नृत्यों में भोजली एवं सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भोजली के चार टोलियों ने हिस्सा लिया भोजली प्रथम स्थान स्माइल ग्रुप नयापारा, द्वितीय स्थान दर्रीपारा, तृतीय स्थान जय भवानी विष्णु चौक, चतुर्थ स्थान शंकर नगर एवं सुवा में नौ टोलियों ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान सिया ग्रुप, द्वितीय स्थान नृत्यांगना ग्रुप, तृतीय स्थान स्टार ग्रुप, चतुर्थ मोर करण सुवा एवं पंचम पुरुस्कार एंजल ग्रुप, षष्ठम मोर चिरैया के फूल, सप्तम हैश टैग ग्रुप, अष्टम स्टाइल ग्रुप, नवम हमर छत्तीसगढ़ सुवा नवम स्थान तक प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं समाज द्वारा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान किया गया, जिसमें दसवीं से प्राची ध्रुव एवं बारहवीं से मोनिका ध्रुव शामिल है। ईसर महादेव–गौरा का पारंपरिक रूप से ग्रांव के तालाब में विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकुमारी कमल सरपंच तथा अध्यक्षता नेमीचंद धुरव तथा अतिथि के रूप में चरणदास घृतलहरे जनपद सदस्य, रामस्वरूप ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि,लाला सिन्हा,विशिष्ट अतिथि टिकेश्वर वर्मा उपसरपंच,पोखन वर्मा उपस्थित थे।



## दामाखेड़ा में पुलिस सहायता केंद्र प्रारंभ



**सिमगा।** अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले में स्थित कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में नवीन पुलिस सहायता केंद्र का संचालन प्रारंभ किया गया है। इसका शुभारंभ सोमवार को पंथ श्री उदितमुनिनाम साहब ने किया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक भाटापारा शिवरतन शर्मा, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में कबीर अनुयायी उपस्थित थे। पुलिस सहायता केंद्र दामाखेड़ा में सहायक उप निरीक्षक माधो प्रसाद साहू को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। साथ ही प्रधान आरक्षक सुख सागर मरावी, 3 आरक्षक सहित कुल 5 पुलिस स्टाफ की तैनाती की गई है। कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा कबीर पंथ के प्रमुख आस्था का मुख्य केंद्र है। ग्राम दामाखेड़ा में कबीर पंथ आश्रम विद्यमान है, जिसमें कबीर पंथ के वंशाचार्य प्रकाश मुनि नाम साहेब एवं उनका परिवार भी निवास करते हैं। उक्त स्थल का दर्शन करने प्रतिदिन दर्शनार्थियों का आना–जाना लगा रहता है। साथ ही प्रत्येक वर्ष दामाखेड़ा में 15 दिवसीय मेला का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें हर दिन चौका आरती एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम होते रहते हैं। इस दौरान मेला कार्यक्रम में विभिन्न प्रदेशों के साथ–साथ विदेश से भी कई लोग दर्शनार्थ कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा पहुंचते हैं तथा प्रतिदिन मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं।

## 12 जुआरी गिरफ्तार, कई हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- एक लाख नकद, 3 मोबाइल जब्त किए गए




दीपावली के दौरान नगर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में मारपीट, गाली गलौच जैसी घटित कुछ मामलों के अलावा शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाये जाने की जानकारी दी गई है। इस पर्व पर जुआ खेलने की चली आ रही परंपरा के खिलाफ पुलिस ने कार्यवाही किये जाने के बावजूद कई जगह जुआ खेलने व लाखों रूपये के दांव लगाये जाने की जानकारी दी है। विश्वस्त सूत्रों से नगर में भाटापारा मार्ग पर एक घर में लाखो रूपये का जुआ खेल रहे लोगों को पुलिस के वहां पहुंचकर दस्तक देने के पूर्व ही इसकी भनक लग जाने से जुआरियों के भाग निकलने के दौरान एक युवक के ऊपर की मंजिल से छलांग लगाने से उसका पैर फेक्चर हो जाने की खबर मिली है। वहीं थाना सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा नगर के समृद्धि विहार कॉलोनी एवं ग्राम रवान में जुआ खेलने वाले 12 आरोपी जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक लाख दो हजार 895 रूपये नगद, 3 मोबाइल एवं 52 पत्ती ताश जब्त की गई है। आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुआ एक्ट एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 की धारा 03(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की गई है।

### नहरडीह में मातर महोत्सव



**खरोरा।** दिपावली पर्व पर रविवार को ग्राम पंचायत नहरडीह में हर्षोल्लास के साथ मातर मनाया गया। मातर महोत्सव के अवसर पर ग्रामीण छत्तीसगढ़िया परिवेश में अलग स्वरूप देखने को मिला।

## ग्रामीणों ने दावा आपत्ति पेश कर चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी

# तौलीडीह ध को जपं क्षेत्र 15 में यथावत जोड़े जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव




पंचायती राज चुनाव नजदीक है। इसी के मद्देनजर प्रशासन पंचायती राज चुनाव की तैयारी में जुट गई है।

जनपद पंचायत, जिला पंचायत का परिसीमन दावा आपत्ति की सूचना जारी की गई है। जनपद पंचायत परिसीमन के लिए दावा आपत्ति का सोमवार को अंतिम दिन था, जिसमें जनपद पंचायत बिलाईगढ़ क्षेत्र 15 से ग्राम पंचायत तौलीडीह ध के जनप्रतिनिधि एवं ग्रामवासियों ने जनपद पंचायत के परिसीमन को लेकर दावा आपत्ति की है। प्रस्तुत दावा में जनपद पंचायत क्षेत्र 15 में कुल 7 पंचायत थी, जिसमें गदहाभाठा, तौलीडीह ध को अभी वर्तमान परिसीमन में काट दिए गए हैं। जबकि एक नए पंचायत चिकनीडीह को जोड़े गए हैं।

दो पंचायत को काट कर नए एक नए पंचायत को जोड़े जाने ग्रामीण नाराज है और सोमवार को दावा आपत्ति जिला पंचायत पहुंच कर दर्ज की गई और मांग की है कि तौलीडीह ध को जनपद पंचायत क्षेत्र 15 में यथावत जोड़ा जाए, और चिकनीडीह का नाम काटे जाए। तौलीडीह ध को जनपद पंचायत क्षेत्र 15 में नहीं जोड़ने पर धरना प्रदर्शन एवं चुनाव की बहिष्कार करने आने वाले दिनों में लोग बाध्य होंगे।

